[redacted]

प्रेस विज्ञप्ति
13 अप्रैल, 2026

एनएसई कोड : LICI बीएसई कोड : 543526

एलआईसी द्वारा बोनस इक्विटी शेयर जारी किया गया

मुंबई, 13 अप्रैल, 2026 : भारतीय जीवन बीमा निगम ("एलआईसी") के निदेशक मंडल ने आज आयोजित अपनी बैठक में, अन्य बातों के साथ-साथ, रिकॉर्ड तिथि को मौजूदा शेयरधारकों को 1:1 के अनुपात में बोनस इक्विटी शेयर जारी करने पर विचार किया और उसे मंजूरी दी, जिसकी घोषणा बाद में की जाएगी। बोनस इक्विटी शेयरों का निर्गम शेयरधारकों की स्वीकृति के अधीन होगा।

एलआईसी की वर्तमान अधिकृत इक्विटी शेयर पूंजी रू.25,000 करोड़ है और प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी रू.6,324.99 करोड़ है। प्रस्तावित 1:1 बोनस निर्गम के बाद, प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी बढ़कर रू.12,649.99 करोड़ हो जाएगी। 31 दिसंबर, 2025 को (भारत में) भण्डार एवं अधिशेष (Reserves & Surplus) रू.1,46,440.58 करोड़ था और 31 दिसंबर, 2025 को समाप्त नौ महीने की अवधि के लिए कर पश्चात लाभ रू.33,998 करोड़ रहा ।

बोर्ड द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि 1: 1 के अनुपात में बोनस शेयरों का प्रस्तावित निर्गमन, सदस्यों को एलआईसी के प्रति उनके निरंतर समर्थन और विश्वास के लिए पुरस्कृत करने का एक उपयुक्त तरीका है और यह एलआईसी की प्रदत्त पूंजी और संचित भण्डार के मध्य संतुलन स्थापित करने में सहायक होगा तथा शेयर को निवेशकों की व्यापक श्रेणी के लिए अधिक किफायती और आकर्षक बनाकर उसकी तरलता एवं विपणन क्षमता में वृध्दि करेगा।

आगे यह भी स्पष्ट किया जाता है कि बोनस शेयरों के निर्गमन का यह प्रस्ताव एलआईसी के सॉल्वेन्सी मार्जिन और किसी अन्य वित्तीय मापदण्डों को प्रभावित नहीं करेगा।

श्री आर.दुरैस्वामि , मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबन्ध निदेशक, भारतीय जीवन बीमा निगम ने कहा :

मई 2022 में सूचीबद्ध होने के बाद से, एलआईसी लगातार लाभांश का भुगतान कर रहा है और समय के साथ प्रति शेयर लाभांश में रू.1.50 प्रति शेयर से रू.12 प्रति शेयर तक बढ़ोतरी भी करता आ रहा है। हम अपने शेयरधारकों को पुरस्कृत करने के विभिन्न तरीकों का लगातार मूल्यांकन कर रहे हैं और हमारा विश्वास है कि यह प्रस्तावित बोनस हमारी ओर से इस दिशा में उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है। हम अपने शेयरधारकों के प्रति उनके समर्थन, सब्र और हमारी रणनीति और कार्यान्वयन में उनके द्वारा प्रदर्शित विश्वास के लिए आभारी हैं। हमें विश्वास है कि हमारे द्वारा की गई समस्त परिवर्तनकारी पहलें ठोस परिणाम दे रही हैं और आगे भी सभी के लिए बेहतर परिणाम देती रहेंगी।

मुंबई में 13 अप्रैल, 2026 को दिनांकित

अधिक जानकारी के लिए कृपया से संपर्क करें :

कार्यकारी निदेशक (निगमित संप्रेषण)
भारतीय जीवन बीमा निगम, केन्द्रीय कार्यालय, मुंबई
ईमेल आईडी: ed_cc@licindia.com
हमारी वेबसाइट : www.licindia.in

हमारा मानना है कि इस विज्ञप्ति में निहित समाचार आपके पाठकों के लिए मूल्यवान है। हम इसे शीघ्र प्रकाशित करने के लिए आपके आभारी रहेंगे, हालांकि हम यह भी स्वीकार करते हैं कि ऐसा करने का निर्णय पूर्णतः आपका है।